लापरवाही करने पर हाईकोर्ट सख्त

लापता लड़कियों की तलाश में लापरवाही बरतने पर कोर्ट ने लताड़ा

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 14 जुलाई. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने राज्य में लापता लड़कियों और गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी के मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जानी चाहिए.

आधिकारिक जानकारी के अनुसार न्यायमूर्ति जी.एस. अहलूवालिया और न्यायमूर्ति अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ भिण्ड जिले के आलमपुर थाना क्षेत्र में दर्ज एक गुमशुदगी के मामले में दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

> खंडपीठ ने भिण्ड पुलिस अधीक्षक को वर्तमान विवेचना अधिकारी को 24 घंटे के भीतर प्रकरण से हटाकर जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए. साथ ही पुलिस अधीक्षक से अगली सुनवाई तक व्यक्तिगत हलफनामा प्रस्तुत कर मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है. न्यायालय ने यह भी कहा कि गुमशुदगी के मामलों को किसी भी स्थिति में हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए तथा पुलिस को ऐसे मामलों में गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए.

सुनवाई के दौरान मामले के विवेचना अधिकारी, आलमपुर थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ओंकार सिंह तोमर न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए. न्यायालय ने जब लापता युवती की तलाश के लिए किए गए प्रयासों के संबंध में जानकारी मांगी तो उनके जवाब पर असंतोष व्यक्त किया. न्यायालय ने कहा कि गुमशुदगी जैसे मामलों की जांच केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रह सकती और पुलिस को हरसंभव वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीके अपनाने चाहिए.

दो छात्रों की डबरी में डूबने से मौत

उज्जैन. पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्यनरत दो छात्र 13 जुलाई सोमवार देर शाम लापता हो गए जिनके शव मंगलवार सुबह विद्यालय के पास पानी की डबरी में मिले। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि सोमवार रात नवोदय विद्यालय में कक्षा 10वी में अध्यनरत छात्र प्रज्ञान पिता नरेश विमल (15 वर्ष) व कक्षा 9वी में अध्यनरत छात्र रोशन पिता मुकेश बरेठा की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। जिस पर से पुलिस द्वारा बस स्टैंड पर व अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई व लगातार क्षेत्र में खोजबीन करने पर मंगलवार अल सुबह 6 बजे एक छात्र का शव विद्यालय के पीछे पानी की डबरी में तैरती मिली। जिसकी पहचान प्रज्ञान विमल के रूप में की गई.

सिंहस्थ की तैयारियां तेज करें : लोधी

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल होंगे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल

भोपाल, 14 जुलाई. संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने विभागीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के साथ जीवनदायिनी मां नर्मदा की नर्मदा परिक्रमा को भी योजना में शामिल किया जाए. साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप अंतरराज्यीय तीर्थ दर्शन बस सेवा की कार्ययोजना पर शीघ्र अमल करने को कहा. राज्य मंत्री लोधी ने गैर-शासन संधारित मंदिरों के जीर्णोद्धार की व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए. बैठक में शासन संधारित मंदिरों से जुड़ी भूमि, प्रदेश के बाहर स्थित विभागीय परिसंपत्तियों, मंदिरों के दस्तावेजीकरण, तीर्थस्थान एवं मेला प्राधिकरण के कार्यों, रिक्त पदों की पूर्ति, सीएम हेल्पलाइन तथा विभागीय घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई.

> राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों की विस्तृत जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सटीक और प्रमाणिक जानकारी आसानी से मिल सके. समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे.

उन्होंने आगामी सिंहस्थ-2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए समेकित कार्ययोजना तैयार करने पर जोर देते हुए कहा कि उज्जैन सहित धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के प्रमुख मंदिरों का सुनियोजित विकास और जीर्णोद्धार प्राथमिकता से किया जाए.

नकाबपोशों ने मांस विक्रेता की गोली मारकर की हत्या

शहडोल. जिले के अमलाई थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में बीती रात नकाबपोश बदमाशों ने एक मांस विक्रेता की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. सोमवार देर रात लगभग 10 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश युवक रामपुर स्थित एक चिकन दुकान पर पहुंचे. आरोपियों ने पहले हवाई फायर किया, जिसके बाद दुकान संचालक रज्जन कहार से उनका विवाद हो गया. विवाद के दौरान आरोपियों ने रज्जन कहार पर दो गोलियां दाग दीं.

बैंक में रखे सवा पांच लाख एटीएम से हो गए पार

मकान बेचकर जमा की थी पीड़ित ने बैंक में पूंजी

नव भारत न्यूज

इंदौर. जिंदगी भर की कमाई सुरक्षित रखने के लिए बैंक में जमा की गई रकम भी ठगों से नहीं बच सकी. राजेंद्र नगर क्षेत्र के एक व्यक्ति के खाते से करीब डेढ़ महीने में एटीएम के जरिए 5.25 लाख रुपए निकाल लिए. पीड़ित को इसका पता तब चला, जब वह राशि की एफडी कराने बैंक पहुंचा.

सुनील कुमार मंडलोई ने मकान बेचने के बाद मिली 5.25 लाख रुपए की राशि फरवरी के आखिरी सप्ताह में एसबीआई खाते में जमा कराई थी. रकम सुरक्षित समझकर उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अप्रैल में एफडी कराने बैंक पहुंचे तो खाते का बैलेंस शून्य मिला.

उनका कहना है कि कार्ड एक फोल्डर में रखा रहता था, जो जनवरी में बैंक जाने के दौरान उनके हाथ से बाहर गया था. आशंका है कि उसी दौरान किसी ने कार्ड चुरा लिया और बाद में उसका इस्तेमाल कर खाते से रकम निकाल ली. पुलिस ने जिन एटीएम से निकासी हुई, वहां के सीसीटीवी फुटेज और बैंक रिकॉर्ड खंगाले हैं.

> **पड़ताल में चला पता**
>
> बैंक से निकाले गए ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड में सामने आया कि 27 फरवरी से 2 अप्रैल के बीच एटीएम के जरिए कई बार में पूरी रकम निकाल ली गई. इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की. जांच में पता चला कि सुनील का एटीएम कार्ड काफी समय से गायब था.

जांच में एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान हुई है. मामले में थाना प्रभारी यशवंत बडोले का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा.

ओबीसी आरक्षण पर सुनवाई टली, आज से फिर होगी शुरू

सुप्रीम कोर्ट से लौटीं 91 याचिकाओं पर प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे होगी डे-टू-डे सुनवाई

जबलपुर. मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े बहुचर्चित मामले की सुनवाई मंगलवार को नहीं हो सकी। प्रशासनिक कारणों से सूचीबद्ध हुए प्रकरणों पर अब आज 15 जुलाई से प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे हाईकोर्ट की विशेष पीठ नियमित रूप से सुनवाई करेगी। इस संबंध में हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डे-टू-डे सुनवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश आनंद पाठक व न्यायाधीश विनय सराफ की विशेष पीठ के समक्ष ओबीसी आरक्षण से संबंधित 91 याचिकाएं सूचीबद्ध थीं। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने न्यायालय को बताया कि मामले सोमवार की सूची में क्रमांक-16 पर लगे हैं, जबकि दोपहर 2.30 बजे से संबंधित बैच उपलब्ध नहीं रहेगा। इस पर न्यायालय को अवगत कराया गया कि इन प्रकरणों की सुनवाई मूल रूप से 15 जुलाई से निर्धारित थी तथा लगातार सुनवाई के आदेश पहले से प्रभावी हैं। प्रशासनिक कारणों से ये मामले त्रुटिवश 14 जुलाई की सूची में शामिल हो गए थे।

> **सुकों से वापस हुई हैं याचिकाएं-**
>
> उल्लेखनीय है कि ये सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से वापस हाईकोर्ट भेजी गई हैं। मामला वर्ष 2019 में राज्य सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने के निर्णय से जुड़ा है। इस निर्णय को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कई भर्ती प्रक्रियाओं में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण के लाभ पर अंतरिम रोक लगा रखी है। इसके चलते प्रदेश की अनेक शासकीय भर्तियां और चयन प्रक्रियाएं वर्षों से प्रभावित हैं।

मध्य क्षेत्र विद्युत कंपनी का संपर्क अभियान

3355 शिविरों में 1.47 लाख से अधिक शिकायतों का मौके पर समाधान

भोपाल, 13 जुलाई. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए चलाया जा रहा 'संपर्क अभियान 2026' उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है. 14 मई से शुरू हुए इस अभियान के तहत भोपाल और ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 3355 विशेष शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 1 लाख 47 हजार 633 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया.

अभियान के दौरान त्रुटिपूर्ण बिजली बिल, मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर, वोल्टेज, ट्रांसफार्मर, खराब मीटर, सर्विस केबल, नाम परिवर्तन, भार वृद्धि, श्रेणी परिवर्तन, ई-केवाईसी, एनओसी, अस्थायी एवं स्थायी कनेक्शन सहित विभिन्न सेवाओं का त्वरित समाधान किया गया. साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 5 रुपये में नए घरेलू एवं कृषि पंप बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए और उपभोक्ताओं को विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी गई. भोपाल रीजन में नर्मदापुरम, भोपाल, बैतूल, रायसेन, सीहोर, विदिशा, हरदा और राजगढ़ सहित विभिन्न वृत्तों में हजारों शिकायतों का समाधान किया गया. वहीं ग्वालियर रीजन के ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी, अशोकनगर, भिंड, दतिया, गुना और श्योपुर वृत्तों में भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को राहत मिली.

> **अभियान में ये क्षेत्र भी रहे शामिल**
>
> अभियान के तहत सीहोर के हीरापुर निवासी राज बब्बर परमार के बिजली कनेक्शन का नाम तत्काल परिवर्तित किया गया, जबकि राजगढ़ जिले के रोजड़ खुर्द गांव में जली हुई एलटी केबल बदलकर बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल की गई. इन त्वरित कार्रवाइयों से संतुष्ट उपभोक्ताओं ने संपर्क अभियान की सराहना करते हुए बिजली कंपनी का आभार व्यक्त किया. कंपनी का कहना है कि अभियान के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनके घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार जारी रहेगा.

पति की कुल्हाड़ी से हत्या के आरोप में पत्नी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

खरगोन, 14 जुलाई. जिले में पति की कथित रूप से कुल्हाड़ी से हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया.

पुलिस सूत्रों के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के बाजार खोदरा चिड़िया गांव निवासी रूमली बाई डुडवे पर अपने पति इडा डुडवे की हत्या का आरोप है. भीकनगांव के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) केतन अडलक ने बताया कि 10 जुलाई को मृतक के भाई भूरू डुडवे ने सूचना दी थी कि रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने इडा डुडवे की हत्या कर दी है. सूचना पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. प्रारंभिक तौर पर मामला बाहरी हमलावर का प्रतीत हुआ, क्योंकि मृतक की पत्नी ने भी यही दावा किया था.

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद होने की जानकारी मिली. पूछताछ में महिला के बयानों में विरोधाभास मिलने पर उसने कथित रूप से स्वीकार किया कि उसके पति के दूसरी महिला से संबंध होने का संदेह था और उसे आशंका थी कि वह उसे तथा उनके नौ बच्चों को छोड़ सकता है.

महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति शराब के नशे में अक्सर उसके साथ मारपीट करता था. पुलिस के अनुसार नौ और 10 जुलाई की दरमियानी रात पति के सो जाने के बाद महिला ने कथित रूप से कुल्हाड़ी से उसके सिर पर कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद महिला ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या किए जाने की कहानी बताकर जांच को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर घटना का

कांग्रेस ने घोषित की स्टार प्रचारकों की सूची

ग्वालियर. कांग्रेस ने दतिया उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट चुनाव आयोग को भेजी है. कांग्रेस की लिस्ट में दतिया से टिकट के दावेदारों में शामिल अवधेश नायक को जगह नहीं मिली है. जबकि दतिया के पूर्व विधायक राजेन्द्र भारती और सेंवढ़ा के पूर्व विधायक राधेलाल बघेल को कांग्रेस ने उपचुनाव में स्टार प्रचारक शामिल किया है.

कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेजी है. कांग्रेस की स्टार प्रचारकों की सूची में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे बड़े चेहरे शामिल हैं. पार्टी ने ग्वालियर-चंबल सहित प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारने की तैयारी की है. कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव को स्टार प्रचारक बनाया गया है. वहीं, 40 चुनिंदा नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और उनके बेटे, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह भी शामिल है.

> **कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में दिग्विजय, कमलनाथ और जीतू पटवारी सहित 40 दिग्गज शामिल**

सिरफिरे आशिक ने मारी देवर-भाभी को गोली

ग्वालियर, 14 जुलाई. पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर महिला को गोली मार दी. महिला को बचाने दौड़े उसके देवर को भी आरोपी ने निशाना बनाया. गंभीर रूप से घायल दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है. पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

वारदात पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के मोतीझील स्थित कृष्णा नगर पहाड़ी की है. जहां रवि जाटव सुबह काम पर चले गए थे. घर में उनकी पत्नी सीतू जाटव अकेली थीं, जबकि देवर आकाश जाटव पास ही मौजूद था. इसी दौरान पड़ोसी जगदीप सिंह घर में घुस आया और सीतू पर फायर कर दिया. गोली सीने में लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ीं. फायरिंग की आवाज सुनकर आकाश उन्हें बचाने दौड़ा तो आरोपी ने उस पर भी गोली चला दी, जिससे उसके हाथ में गोली लगी. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आरोपी मौके से फरार हो गया.

अधिवक्ता परिषद चुनाव की 38,759 मतों की गणना हुई पूरी

जबलपुर. मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 के तहत मंगलवार को सनावद, भीकनगाँव, मंडलेश्वर, नैनपुर, निवास, भुआ-विछिया, मंडला, भानपुरा, सीतामऊ, गरोठ, नारायणगढ़, मल्हागढ़, मंदसौर, कैलारस, पोरसा एवं मुरैना की मतपेटियों की मतगणना सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतगणना कराई जा रही है, जिससे प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी हुई.

स्वास्थ्य शिक्षा को मिली नई मजबूती : शुक्ल

ग्वालियर-रतलाम मेडिकल कॉलेजों में बढ़ीं एमबीबीएस सीटें

भोपाल, 14 जुलाई. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मध्यप्रदेश के गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम में एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की है.

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इसे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य अधोसंरचना के तेजी से विस्तार का परिणाम बताया. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि

ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सीटें 200 से बढ़कर 250 तथा रतलाम मेडिकल कॉलेज में 180 से बढ़कर 200 हो गई हैं। इससे अधिक विद्यार्थियों को चिकित्सा शिक्षा का अवसर मिलेगा और भविष्य में प्रदेश को अधिक प्रशिक्षित एवं दक्ष चिकित्सक मिलेंगे, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान भारत, नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, मेडिकल सीटों में वृद्धि, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है.

गलत कानूनी धारा लिखने से नहीं रुकेगा इंसाफ : हाईकोर्ट

जबलपुर. हाईकोर्ट के जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की एकलपीठ ने भरण-पोषण से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि कोर्ट का उद्देश्य तकनीकी आधार पर राहत ठुकराना नहीं, बल्कि न्याय सुनिश्चित करना है.

लिहाजा, यदि किसी आवेदन में गलत कानूनी धारा का उल्लेख हो गया हो, तो महज इसी आधार पर जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय से वंचित नहीं किया जा सकता। यदि बालिग अविवाहित बेटी अपनी आय या संपत्ति से स्वयं का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है, तो वह पिता से भरण-पोषण पाने की हकदार है। न्यायालय ने सतना निवासी गंगा सिंह की पुनरीक्षण याचिका निरस्त करते हुए फैमिली कोर्ट द्वारा बेटी रक्षा सिंह के पक्ष में दो हजार रुपये प्रतिमाह अंतरिम भरण-पोषण देने के आदेश को बरकरार रखा। हालांकि फैमिली कोर्ट ने पत्नी के दावे को प्रथम दृष्टया वैध विवाह सिद्ध नहीं होने के आधार पर अस्वीकार कर दिया था.

सफलता | **न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉ. अविनाश शर्मा की टीम ने किया बड़ा ऑपरेशन**

बच्चे के सिर में घुसा सिद्ध चौकी का बाण, निकाला

ग्वालियर, 14 जुलाई. छतरपुर किशनगढ़ निवासी 14 वर्षीय शिवम छत पर खेल रहा था. खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह लगभग एक मंजिल की ऊंचाई से नीचे लगे सिद्ध स्थान के चबूतरे पर लगे दो लोहे के दो भाला नुमा तीरों के ऊपर गिर पड़ा.

इससे लोहे का नुकीला सिरा उसकी बाईं आंख के ठीक ऊपर माथे से मस्तिष्क में प्रवेश कर गया. लोहे का वह तीर खोपड़ी के विपरीत दिशा के फ्रंटल बोन के आर-पार हो गया. जबकि दूसरा लोहे का तीर उसके बाएं पैर में धंस गया. 14 वर्षीय शिवम की स्थिति इतनी दर्दनाक थी, कि न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ अविनाश शर्मा ने बताया कि एक बारगी तो वे खुद काँप गए थे. लेकिन उन्होंने और उनकी टीम ने बड़ी प्लानिंग और सावधानी से इस जटिल ऑपरेशन को सफल किया.

लगभग 5 घंटे चले इस ऑपरेशन में बच्चे के किसी भी अंग में कोई भी हानि नहीं हुई. न्यूरोसर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अविनाश शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन से पहले मरीज की विस्तृत जांच की गई. नॉन-कॉन्ट्रास्ट सीटी स्कैन, सीटी एंजियोग्राफी, वेनोग्राफी तथा पैर का विस्तृत एक्स-रे किया गया.

> **ये थे ऑपरेशन के चैलेंज**
>
> इस ऑपरेशन के जो चैलेंज थे, इसमें लोहे के तीर को सुरक्षित रूप से निकालना, आंख की दृष्टि को यथासंभव सुरक्षित रखना, मस्तिष्क एवं खोपड़ी में बने दोष की मरम्मत करना तथा मस्तिष्कमेरु द्रव के रिसाव को रोककर संक्रमण के जोखिम को न्यूनतम करना था. मस्तिष्क,आंख, सिर को बचाना, इसमें किसी भी तरह के इन्फेक्शन को रोकना बड़ा चैलेंज था.

घर में घुसकर की मारपीट और तोड़फोड़

जावरा. शहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संजय कॉम्प्लेक्स में शराब के नशे में धुत युवकों द्वारा गुंडागर्दी और तोडफ़ोड़ का एक बेहद परेशान करने वाला मामला सामने आया है। नशे में चूर युवकों ने न केवल एक परिवार के साथ मारपीट की और गंदी गालियां दीं, बल्कि घर में घुसकर जमकर तोडफ़ोड़ भी की। इस पूरी घटना का सबसे बड़ा सबूत यह है कि यह पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे आरोपियों की करतूत साफ उजागर हो रही है। फरियादी राजेश जैन (53) पिता समरथमल जैन, निवासी संजय कॉम्प्लेक्स जावरा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है.

दाल में इल्लियां मिलने पर महिला स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस

- **जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन का है मामला**
- **तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश**

सागर, 14 जुलाई. जिले के मालथौन विकासखंड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला गीधा में मध्यान्ह भोजन की दाल में इल्लियां (कीड़े) पाए जाने के मामले में संबंधित महिला स्वसहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. साथ ही समूह का अनुबंध अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया गया है.

आधिकारिक जानकारी के अनुसार जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन के अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला गीधा में मध्यान्ह भोजन वितरण के लिए संलग्न सोना महिला स्वसहायता समूह द्वारा वितरित दाल में इल्लियां पाए जाने की शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई.

जांच में मध्यान्ह भोजन योजना के अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन ने समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए उसका अनुबंध अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया.

सूचना पत्र में समूह को तीन दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. इसमें कहा गया है कि मध्यान्ह भोजन वितरण में बरती गई लापरवाही अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन है. यदि निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया अथवा जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो समूह के साथ किया गया अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी.